# नौ नई टाउनशिप से शहर बनेगा स्मार्ट

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। आचार संहिता हटने के बाद राजधानी में विकास की योजनाएं विस्तार लेने लगी हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आए निवेशकों ने टाउनशिप विकसित करने में रुचि दिखाई थी। प्रोजेक्ट पर 7640.71 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



प्रतीकात्मक

खास बात यह है कि टॉप 15 उद्यमियों में से नौ ने हाउसिंग प्रोजेक्ट पसंद किया था। लोकसभा चुनाव के चलते सारे प्रोजेक्ट लंबित थे। अब चुनाव होने के बाद एक बार फिर टाउनशिप का काम शुरू होने जा रहा है।

हाउसिंग प्रोजेक्ट में निवेश करने वाली कुछ कंपनियों को सुल्तानपुर रोड, सुशांत गोल्फ सिटी, माढ़रमऊ, बक्कास, गोमती के किनारे और सीजी सीटी के आसपास के अलावा अन्य स्थानों पर जमीन भी मुहैया करा दी गई हैं। सभी कंपनियों ने स्थलीय मुआयना शुरू कर दिया है।

माना जा रहा है कि इस महीने निर्माण भी शुरू हो जाएंगे। इससे करीब पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। सबसे ज्यादा 4174 करोड़ रुपये का निवेश टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड की ओर से किया जाएगा। कंपनी इससे 150 अपग्रेड आईटीआई बनाएगी। इसके अलावा एक बार फिर सांसद चुने गए राजनाथ सिंह ने भी लखनऊ को देश के टॉप स्मार्ट शहरों में से एक बनाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही रुके हुए विकास कार्यों ने तेजी पकड़ ली है।

**इन कंपनियों ने किया है निवेश :** हाउसिंग प्रोजेक्ट में निवेश करने वाली कंपनियों में ओरो इंफ्रा डवलपर्स लिमिटेड, हमसफर डीलर प्राइवेट लिमिटेड, अंस डवलपर्स, एक्सरिऑन डवलपर्स, यूनिवेस्ट इंटरनेशनल, रिशिता डवलपर्स, एमआईवी होम्स व ओमेक्स लिमिटेड, बोमेक्स, आश्रय वेंचर्स, बालाजी वेफर्स, क्यू लाइन बॉयोटेक प्राइवेट लिमिटेड और वैदिक एंड फ्यूचरिस्टिक एडुटेक।

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टॉप 15 उद्यमियों में से नौ ने हाउसिंग प्रोजेक्ट को किया था पसंद

**7600**

करोड़ रुपये से ज्यादा प्रोजेक्ट पर खर्च होंगे कंपनियों की ओर से

**4174**

करोड़ का सबसे ज्यादा निवेश टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने किया

**5000** लोगों को रोजगार मिलेगा, इस महीने काम हो जाएगा शुरू

- सुल्तानपुर रोड, सुशांत गोल्फ सिटी, माढ़रमऊ, बक्कास, गोमती के किनारे और सीजी सीटी के आसपास के अलावा अन्य स्थानों पर भी कंपनियों को मुहैया कराई गई है जमीन

### इन कंपनियों ने किया है निवेश

| कंपनी | निवेश |
|---|---|
| ओमेक्स लिमिटेड | 1750 |
| एक्सरिऑन डवलपर्स | 650 |
| यूनिवेस्ट इंटरनेशनल | 550 |
| रिशिता डवलपर्स | 506 |
| एमआईवी होम्स | 500 |
| बालाजी वेफर्स | 500 |
| क्यू लाइन बॉयोटेक प्राइवेट लिमिटेड | 500 |
| वैदिक एंड फ्यूचरिस्टिक एडुटेक | 500 |
| हमसफर डीलर प्राईवेट लिमिटेड | 800 |
| अंस डवलपर्स | 495 |
| आश्रय वेंचर्स | 450 |
| ओरो इंफ्रा डवलपर्स लिमिटेड | 439.71 |

(रकम करोड़ में)